दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 104 • मुंबई, बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • नि:शुल्क •

## उदयपुर जिले की गोवर्धनविलास पुलिस की बड़ी सफलता

### फाईनेंस कर्मियों के साथ लूट की वारदातें करने वाली गैग का एक शातिर बदमाश गिरफ्तार



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर** । जिले की गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने फाइनेंस कर्मियों के साथ लूट की वारदात करने वाले गिरोह के एक और शातिर अभियुक्त नवीन मीणा पुत्र लक्ष्मण (24) निवासी उखेडी थाना पाटिया जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि पूर्व में थाना पुलिस द्वारा गिरोह के दो अन्य सदस्यों राकेश कुमार मीणा निवासी परसाद जिला सलुम्बर एवं अजीत कुमार मीणा निवासी पाटिया, उदयपुर को गिरफ्तार कर पावर बाइक अपाचे एनएस 200 जप्त की थी। जिनसे फाइनेंस कर्मियों के साथ लूट की आठ वारदातों को खुलासा हुआ है। मंगलवार को गिरफ्तार आरोपी नवीन मीणा की गिरफ्तारी से लूट की आठ अन्य वारदातों का खुलासा हुआ है। एसपी गोयल ने बताया कि 28 नवंबर को फाइनेंस कर्मी अफजल मोहम्मद निवासी सुरपुरी थाना कपासन ने एक रिपोर्ट दी कि कल वह बारापाल से अपनी कम्पनी के लोन की किश्तों का करीब 78,000 रुपए का अमाउंट लेकर वापस उदयपुर आ रहा था। रास्ते में हाईवे पर काया जैन मंदिर के पास एक सफेद रंग की पॉवर बाईक पर तीन अज्ञात बदमाश आये व उसके साथ मारपीट कर रूपयो से भरा बैग लूट कर भाग गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोयल द्वारा लूट की वारदातों का खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाडा व सीओ सूर्यवीर सिंह राठौड के सुपरविजन एवं एसएचओ भवानी सिंह राजावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी सहयोग से उदयपुर जिले के पाटीयाव पहाडा, डुंगरपुर के बिछीवाडा व सलुम्बर जिले के थाना परसाद के कुछ संदिग्ध युवकों को चिन्हित किया। जिसमें से संदिग्ध राकेश कुमार व अजीत कुमार को डिटेन कर पूछताछ की तो दोनो ने अपनी गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फाईनेंस कर्मचारियों के साथ लूट की कुल 08 वारदातें करना स्वीकार किया है। इन आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके साथी नवीन मीणा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जिससे पूछताछ में पूर्व की वारदातों के अतिरिक्त ऋषभदेव, परसाद, जावर माइंस व सराडा थाना इलाके में आठ और वारदातें करना स्वीकार किया है।

### पूर्व में इन वारदातों का हुआ था खुलासा

16 फरवरी को काया में आरबीएल फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी के साथ 72 हजार रुपये की लूट।

16 मार्च को काया में नेशनल हाईवे पर आरबीएल फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी के साथ 98 हजार की लूट।

23 मई को होटल चरण कमल के पास उण्डावेला में भारत फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारी के साथ 88 हजार रुपये की लूट।

26 जुलाई को होटल चरण कमल के पास उण्डावेला में भारत फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारी के साथ 79 हजार रुपये की लूट।

4 अक्तूबर को होटल चरण कमल के पास उण्डावेला में इंडीया क्रेडिट कम्पनी के कर्मचारी के साथ 1.90 लाख की लूट।

22 नवम्बर को बारापाल में ईक्वीटास स्माल फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी के साथ 1.08 लाख रुपये की लूट।

27 नवम्बर को काया जैन मंदिर के पास क्रेडीट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी के साथ 78 हजार रुपये की लूट।

1 अक्तूबर को बोरी कुंआ पास इण्डिया क्रेडीट फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी के साथ 1.50 लाख रुपये की लूट।

इन नई आठ वारदातों का हुआ खुलासा

7 जून 2024 को थाना ऋषभदेव के बिलख सोमावत नाल गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

13 अगस्त को थाना ऋषभदेव के बिलख गडावत गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

13 सितंबर को थाना ऋषभदेव के बिलख गडावत गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

18 नवंबर को थाना ऋषभदेव में धागा मील के पास फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

6 नवंबर को थाना परसाद के पिपली ए गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

9 अक्टूबर को थाना सराडा के राणी गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

13 अक्टूबर को थाना सराडा के डींगरी गांव में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

13 अक्टूबर को थाना जावरमाईस के केवडा की नाल गंवा में फाईनेंसकर्मी के साथ लूट।

### वारदात का तरीका

सभी अभियुक्त आपराधिक प्रवृति के होकर एक गैंग के रूप में उदयपुर व सलुम्बर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारियों की रैकी करते है। गैंग का एक सदस्य फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी की निगरानी करता है। जैसे ही कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र से किश्त की रकम ईक्टठा कर रवाना होता है। उसी समय गैंग का यह सदस्य हाईवे पर खडे अपने साथियों को उसकी सूचना दे देता था। हाईवे पर खडे गैंग के अन्य सदस्य मुंह पर मास्क पहन कर अपनी पहचान छुपा लेते है। अधिकांश घटनाओं में पॉवर बाईक का प्रयोग करते थे। जैसे ही फाईनेंस कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र से हाईवे पर आता तो हाईवे पर सुनसान जगह देख उसके साथ मारपीट कर रूपयों से भरा बैग छीन अपनी पावर बाइक से ग्रामीण क्षैत्र व कच्चे रास्तों की तरफ भाग जाते। जहां पर लूट की राशि का बटवारा कर लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में ओर भी वारदातें खुलने की संभावना है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## थाना शास्त्रीनगर पुलिस ने 12 घंटे में चोरी हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद किया,आरोपी गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर** । जिले के थाना शास्त्रीनगर पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की घटना का खुलासा किया। घटना 8 दिसंबर 2024 को हुई, जब परिवादी किशन लाल यादव ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवादी के अनुसार, उनका ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली को नगर निगम के सामने खड़ा कर गया था। अगले दिन सुबह 6 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां से गायब मिली। इस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। राशि डोगरा डुडी आईपीएस के आदेशानुसार और बजरंग सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय के निर्देशन में, सहायक पुलिस आयुक्त शिवरतन गोदारा के सुपरविजन और थानाधिकारी दिलीप खदाव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और चोरों के भागने के रूट का पता लगाया।

आसूचना संकलन और त्वरित कार्रवाई से आरोपी ब्रजेश कुमार समेत अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने ऑटो रिक्शा से क्षेत्र की रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। गठित पुलिस टीम में थानाधिकारी दिलीप खदाव, सहायक उप निरीक्षक प्रकाशचंद, हेड कांस्टेबल कैलाशचंद, कांस्टेबल मामराज, प्रदीप कुमार और राजेश शामिल रहे।

## प्रधानाचार्यो की दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला का दूसरा चरण संपन्न

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर** । राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेट गोनेर जयपुर द्वारा स्कूल लीडरशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके संस्था प्रधानों हेतु दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला के दूसरे चरण का आज समापन हो गया ।जिसमे विभिन्न जिलों के 54 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

डाइट उदयपुर के प्रधानाचार्य डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार कार्यशाला में सीमेट गोनेर जयपुर के उपनिदेशक ओमप्रकाश ने अपने सेवाकाल के व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक अनुभवों से प्रधानाचार्यो को लाभान्वित किया` वही सीमेट गोनेर की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रचना शर्मा ने विद्यालय के एसडीएमसी प्रबंधन, लीडरशिप के मूलगुणों, नवाचार, सकारात्मक परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा कर प्रकाश डाला` इस अवसर पर जोशी ने विद्यालयो को सेंटर फॉर एक्सीलेंस एवं रिसोर्स सेंटर बनाने के गुर बताए समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला को सुचारु संचालित करने हेतु सीमेट गोनेर से राज्य संदर्भ समूह के सदस्य श्लोकेश कुमार शर्मा एवं योगेंद्र सिंह नरूका ने प्रशिक्षण शेड्यूल के अनुसार प्रार्थना - सभा सत्र से लगाकर 54 संभागी प्रधानाचार्यो ने छः प्रतिपुष्टियों के केंद्र बिंदु नेतृत्व, आत्म - विकास, शिक्षा अधिगम प्रकिया का रूपांतरण, दल बनाना एवं नेतृत्व करना , साझेदारी का विकास , सामुदायिक सहभागिता, नवाचार पर अपने विद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आये परिवर्तनों, सुधार का सारगर्भित व्याख्या, अनुभव प्रस्तुत किए गए` सभी ने अपनी चुनौतियों को साझा कर। समाधान का मार्ग - प्रशस्त किया कार्यशाला के आयोजन की व्यवस्थाएं डाइट के डीआरयू प्रभाग के प्रभारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत एवं मनीष पटेल द्वारा की गयी` कार्यशाला में प्रभागाध्यक्ष एवं उपप्रधानाचार्य डॉ ओमप्रकाश शर्मा ने डाइट की ओर से अतिथियों का मेवाड़ी पाग, उपराना से स्वागत कर आभार प्रदर्शन किया गया

## गैस सिलेंडर चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार, 31 सिलेंडर और बाइक बरामद

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com




**जयपुर** । जयपुर उत्तर में थाना विधाधर नगर पुलिस ने सिलेंडर चोरी की वारदातों में शामिल दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता से दोनों आरोपियों को चिन्हित किया।

विधाधर नगर निवासी सिद्धार्थ जागिड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घर की गैलरी से गैस सिलेंडर चोरी हो गया। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 500 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अजय सोनी व संजय कुमार सोनी को पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। बदमाश लगातार ठिकाने बदल रहे थे, लेकिन 10 दिसंबर 2024 को भट्टाबस्ती के सुनसान इलाके में पुलिस को उनकी मौजूदगी की सूचना मिली।

थाना विधाधर नगर से एएसआई देवीलाल, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल महिपाल, महेश कुमार और जतन सिंह ने इनपुट और तकनीकी सहायता से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनसे विभिन्न गैस कंपनियों के 31 सिलेंडर, एक पावर बाइक और दो अन्य मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने विधाधर नगर सहित शास्त्रीनगर, बनीपार्क, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा, करधनी और विश्वकर्मा थाना क्षेत्रों में सिलेंडर चोरी की 60 से अधिक वारदातें स्वीकार कीं।

चोरी के सिलेंडर बेचकर वे मौज-मस्ती और अन्य शौक पूरे करते थे। पुलिस ने आगे की कार्रवाई में चोरी के सिलेंडरों की पूरी बरामदगी और अन्य साथियों की तलाश जारी रखी है।

## फरार आरोपी हिमांशु यादव गिरफ्तार



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर** । थाना मालवीय नगर, जयपुर पूर्व में दर्ज प्रकरण में पुलिस ने फरार आरोपी हिमांशु यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौत्तम के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी के निदेर्शानुसार, सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पूनिया के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सग्राम सिंह के नेतृत्व में की गई। दिनांक 12 नवंबर 2024 की मध्यरात्रि, परिवादी दीपक सामनानी ने आरोप लगाया कि दो व्यक्तियों ने उनके घर आकर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। बाद में, सुबह 4 बजे उनकी गाड़ी फख-45-उङ-7280 में आग लगा दी गई। प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी प्रसुन्न कुमार के बाद फरार आरोपी हिमांशु यादव को सीसीटीवी फुटेज और आसूचना संकलन के आधार पर इंदौर से लौटने पर दबोचा गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी सग्राम सिंह, सहायक उपनिरीक्षक मीठालाल, कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल पुखराज शामिल रहे।

## झाड़ोल से जैन समाज के 600 श्रावक श्राविकाये करेंगे सम्मेद शिखरजी की वंदना

### झारखंड राज्य स्थित 20 तीर्थंकरों की निर्वाण भूमि है सम्मेद शिखर

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com




**जयसमंद** । विश्व प्रसिद्ध मानव निर्मित जयसमंद झील के समीपस्थ झाडोल से 600 जैन समाजजन का समूह 1600 किलोमीटर दूर झारखंड राज्य स्थित तीर्थराज सम्मेद शिखर पहुंचकर सामूहिक पूजन वंदना करेंगे। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि जैन समाज में सम्मेद शिखर जी विशेष आस्था का केंद्र है, क्यों कि तीर्थराज सम्मेद शिखर 20 तीर्थंकरों का निर्वाण स्थल है। झाडोल एवं झाडोल के बाहर रहने वाले जैन समाज के अहमदाबाद, आकोला, नागपुर, मुंबई आदि स्थानों के प्रवासी जिनकी 600 संख्या है। आगामी 13 दिसंबर को झाडोल से बस से यात्रा कर जोधपुर और जोधपुर से ट्रेन से यात्रा कर 15 दिसंबर को झारखंड राज्य स्थित सम्मेद शिखरजी पहुंचेंगे ।16 दिसंबर को आचार्य वैराग्यनंदी महाराज ससंघ के साथ शिखरजी पहाड़ की वंदना करते हुए पहाड़ पर भगवान मल्लिनाथ की टोंक पर पुष्प वर्षा ओर पूजन अर्चना करेंगे। संजय जैन चिबोडिया ने बताया कि 17 दिसंबर को आचार्य वैराग्यनंदी महाराज ससंघ सानिध्य में सम्मेदशिखर विधान ओर पिच्छिका परिवर्तन समारोह होगा। 18 दिसंबर को पुनः शिखर जी पहाड़ की वंदना करके 19 दिसंबर को झाडोल के लिए रवानगी होगी। मुख्य संघपति केशुलाल मालवी, संघपति विजय चंद धुरावत, संघपति दवाचंद जीमावत परिवार का सामूहिक तीर्थयात्रा में विशेष आर्थिक सहयोग रहा। तीर्थयात्रा से पूर्व समाजजनों का मेंहदी हल्दी रस्म, डांडिया नृत्य भक्ति संध्या का आयोजन झाड़ोल में गत दिवस हुआ।

## फलासिया में ब्लॉक स्तरीयराज्य युवा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**रिपोर्ट : गजेन्द्र मालवीय**



**फलासिया** । राज्य सरकार के निदेर्शानुसार ब्लॉक स्तरीय राज्य युवा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय फलासिया में किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती का दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी विजयेश कुमार पंड्या, मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष भोपाल सिंह शक्तावत, विशिष्ट अतिथि प्रधान साहब शंभुलाल कसौटा, सीबीईओ लालू राम गरासिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत तिलक पगड़ी उपरना ओढ़ाकर किया गया। स्थानीय विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन से स्वागत किया उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ युवा महोत्सव में ब्लॉक फलासिया के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए। प्रतिभागी ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गान, एकल गान, चित्रकला, भाषण, हस्तकला, मांड़ना, भित्ति चित्र विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों में एसीबीईओ डॉघ बाल गोपाल शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष पूरन सिंह पंवार, उपसरपंच रमेश पटेल, मणिलाल जोशी, फतुभाई पटेल, कमलेश जैन, धुलाराम गमार जिला परिषद सदस्य, रामचंद्र जन्नावत व्यवस्थापक जे.आर. शर्मा महाविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने शब्दों से प्रतिभागियों और छात्रों को प्रोत्साहन किया, प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर प्रस्तुति दी। सभी प्रतियोगिताओ के परिणाम की घोषणा कर प्रथम रहे को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा सीबीईओ साहब द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मदन जोशी ने किया।

## निगम की बकाया को लेकर अधीक्षण अभियंता द्वारा लगातार कार्रवाई जारी

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़।** अजमेर डिस्कॉम वृत प्रतापगढ़ में राजस्व वसूली अभियान के तहत बकायादारो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान की कमान स्वयं अधीक्षण अभियंता राजकुमार अग्रवाल संभाल रहे हैं।

अभियान के तहत मंगलवार को अधीक्षण अभियंता अग्रवाल द्वारा दलोट उपखंड का दौरा कर राजस्व वसूली की गई। यहां पर लगभग 56 हजार तथा 45 हजार रुपये राशि की बड़ी बाकीयात वाले दो उपभोक्ताओं के मौके पर ही कनेक्शन काटे गए। इसके उपरांत इन उपभोक्ताओं में से एक उपभोक्ता के द्वारा आरसी फीस तथा बिल राशि जमा करवाई गई जिसके उपरान्त पुनः कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए गए। अपने दौरे के दौरान अधीक्षण अभियंता द्वारा डीसी उपभोक्ताओं के यहां विद्युत सप्लाई की जांच की गई एवं उन्हें विद्युत बिल का बकाया जमा करवाने हेतु कहा। अधीक्षण अभियंता द्वारा लगातार अलग-अलग उपखंडों में दौरे कर राजस्व वसूली अभियान के तहत कार्यवाही की मॉनिटरिंग की जा रही है। गौर तलब है कि इस अभियान के तहत अक्टूबर में 107 प्रतिशत तथा नवंबर में 105 प्रतिशत राजस्व वसूली हुई है। इस वित्तिय वर्ष में अब तक लगभग 95 प्रतिशत राजस्व वसूली हुई है तथा शेष की रिकवरी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अग्रवाल ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने विद्युत बिल समय पर जमा करवाए ताकि विभाग द्वारा कनेक्शन काटने की कार्रवाई से बचा जा सके। इस अवसर पर वृत लेखा अधिकारी राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# सपनों की नई उड़ान कैट के संग : बिजनेस एवं प्रोफेशनल विमेन को मिलेगी नई पहचान : गलूंडिया

## राष्ट्रीय संगठन कैट विमेन विंग उदयपुर की कार्यकारिणी घोषित

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राष्ट्रीय संगठन ₹कैटर₹ (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) विमेन विंग उदयपुर की जनरल मीटिंग ओरिएंटल पैलेस रिसॉर्ट में आयोजित हुई जिसमें कैट विमेन विंग उदयपुर उदयपुर की कार्यकारिणी एवं कमेटीयों की घोषणा की गई। कैट विमेन विंग अध्यक्ष एवं रीजनल कोऑर्डिनेटर विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय सचिव एवं नई दिल्ली सांसद प्रवीण खंडेलवाल,कैट विमेन विंग नेशनल कॉर्डिनेटर ऋचा चंद्रा, नेशनल काउंसिल विमेन विंग रुचि प्रभाकर, स्टेट कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोयल, स्टेट कॉर्डिनेटर चारु अग्रवाल एवं उदयपुर कोऑर्डिनेटर सुमन गोयल ने विजयलक्ष्मी गलूंडिया को जयपुर में आयोजित स्टेट कन्वेंशन में रीजनल



कोऑर्डिनेटर एवं कैट विमेन विंग अध्यक्ष के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कैट विमेन विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने स्वागत करते हुए कैट के उद्देश्य एवं उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं बताया कि कैट की स्थापना 1990 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने बिजनेस एंड प्रोफेशन को बढ़ावा देने के लिए की और वर्तमान में 9 करोड़ व्यापारी एवं व्यवसाय इस्-ाके मेंबर है। महिला व्यापारियों, व्यवसायियों एवं जो महिला स्वयं स्टार्ट अप करना चाहती है उसके लिए कैट वीं विंग है।

कैट विमेन विंग उदयपुर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद पर रेखा सोनी, श्रद्धा गट्टानी, तारिका भानु प्रताप सिंह,सचिव पद पर डॉ सोनू जैन,एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी प्रीति सोगानी, सह सचिव नैना जैन,नमिता कोठारी, सोनल बोल्या, कोषाध्यक्ष कविता बल्दवा, एडिटर ममता धूपिया सह कोऑर्डिनेटर अनीता भानावत मनोनीत हुई। साथ ही कमेटीयों की भी घोषणा की गई जिसमें डिजिटल एवं बिजनेस प्रमोशन डायरेक्टर आयुषी गांग, कोऑर्डिनेटर चयनिका गलूंडिया,सह कोऑर्डिनेटर रुचि चोरडि ा, ग्राफिक कन्वीनर तृप्ति बलदवा, कोऑर्डिनेटर हिमांशी मेहता, मेंबरशिप एंगेजमेंट एवं नोलेज शेयरिंग डायरेक्टर सीमा सिंह कोऑर्डिनेटर विभा जैन, सह कोऑर्डिनेटर कूकू लखारी, पब्लिक इमेज डायरेक्टर मधु सरीन, कोऑर्डिनेटर राजकुमारी गांधी, सह कोऑर्डिनेटर बृजराज राठौर, गवर्नमेंट लाइजनिंग डायरेक्टर उर्मिला जैन कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या सिंह, सह कोऑर्डिनेटर निवेदिता, बिजनेस प्रेजेंटेशन डायरेक्टर कविता श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर नीलम दुबे, सह कॉर्डिनेटर मीनाक्षी बड़ौतियां, मीटिंग डायरेक्टर नवनीत कौर छाबड़ा, कोऑर्डिनेटर सोनम कालरा, कोऑर्डिनेटर योगिनी द क, स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर सुषमा कुमावत कोऑर्डिनेटर संगीता मूंधड़ा , सह कोऑर्डिनेटर ज्योत्सना जैन, इवेंट समिति डायरेक्टर दीपमाला मेवाड़ा कोऑर्डिनेटर प्रीति चपलोत सह कोऑर्डिनेटर सुमित्रा सिंघवी, ग्रूमिंग डायरेक्टर डॉ स्वीटी छाबड़ा, कोऑर्डिनेटर आकृति मलिक, सह कोऑर्डिनेटर नीतू तलदार, मेंबरशिप ग्रोथ डायरेक्टर लीना जयसवाल, कोऑर्डिनेटर रेणु बांठिया, सह कोऑर्डिनेटर ललिता सियाल, फिटनेस डायेक्टर डॉ गुनीत मोंगा, कोऑर्डिनेटर डॉ आकांशा त्रिपाठी,

# उदयपुर के युवा एंटरप्रेन्योर राइजिंग राजस्थान में दे रहे हैं उदयपुर के मार्बल कलाकृतियों को पहचान

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजधानी जयपुर में तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन हो रहा है। 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राइजिंग राजस्थान समिट का उद्घाटन किया। इस समिट का उद्देश्य राजस्थान में विदेशी निवेश को आकर्षित करना व राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 5 सालों में दोगुना करना है। राजस्थान सरकार ने हाल ही में एक जिला एक उत्पाद योजना की शुरूआत की जिसमें उदयपुर जिले के लिए मार्बल उत्पाद को चुना गया। उदयपुर के युवा एंटरप्रेन्योर मनीष कोठारी एवं राज चंपावत, परीक्षित सिंह राठौड़ ने उदयपुर के मार्बल पर उत्कीर्ण कलाकृतियों के संवर्धन के उद्देश्य से राइजिंग राजस्थान समिट में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने विदेशी डेलिगेट्स, उद्योगपतियों, विधायकों एवं सीनियर आईएएस अधिकारियों को उदयपुर के मार्बल पर उत्सर्ण कलाकृतियां भेंट की।

बता दें कि राइजिंग राजस्थान में 32 देश के डेलिगेट्स हिस्सा ले रहे हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक राजस्थान सरकार ने निवेशकों के साथ 30 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

# अटल सेवा श्री अवार्ड से सम्मानित होंगे नागरिक सुरक्षा विभाग के जवान भवानी शंकर

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आगामी 16 दिसंबर को जयपुर के रतन बाग पश्चिम विहार गार्डन में आयोजित होने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय समता स्वतंन्त्र मंच जयपुर द्वारा आयोजित भारत- नेपाल संस्कृतिक सम्मेलन में नागरिक सुरक्षा विभाग उदयपुर के जवान भवानी शंकर सम्मानित होंगे। इनके अपने उच्च कार्य



के लिए अटल सेवा श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति के पुनरूत्थान एवं भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में वीटो पावर के साथ स्थायी सदस्यता दिलाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री रविकांत साहू होंगे तथा मुख्य वक्ता महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल के वरिष्ठ सलाहकार महावीर प्रसाद टोरडी होंगे

# महाविद्यालय की भूमि पर उप जिला अस्पताल आवंटन के विरोध में छात्रों ने किया उग्र प्रदर्शन

## तीन किलोमीटर लम्बी रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**भीनमाल।** स्थानीय जी के गोवाणी राजकीय महाविद्यालय परिसर की भूमि पर उप जिला अस्पताल के लिए भूमि आवंटन के विरोध में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भारी संख्या में उग्र प्रदर्शन कर महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य माणकमल भंडारी, चैनाराम पटेल, भावीन व्यास, एडवोकेट भरतसिंह भोजाणी, श्रवण ढाका, अशोकसिंह ओपावत, चिंटूसिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार महाविद्यालय की कब्जा सूदा जमीन खसरा नम्बर 7610/3973 एवं 7612/3974 को हाल ही में प्रशासन द्वारा कुल 2.5000 हैक्टेयर जमीन उप जिला चिकित्सालय (स्टाफ क्वाटर सहित) को आंवटित की गयी है । उक्त भूमि महाविद्यालय द्वारा उपयोग में ली जा रही है । उक्त भूमि महाविद्यालय की कब्जासूदा भूमि है तथा चारदिवारी के अन्दर है । इस भूमि पर सरकार द्वारा आवंटित पीएम उषा योजनान्तर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु खेल मैदान क्रिकेट, बॉस्केटबॉल, लॉन टेनिस, फूटबॉल इत्यादि मैदान आदि बनाए जाने है । जिसका टेण्डर राजस्थान सरकार की एजेंसी रूडसीको को कर दिया गया है तथा अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ होने वाला है । जिसमें कुछ कार्यों का उद्घाटन सांसद द्वारा वर्चुअल किया जा रहा है । इन्हीं मैदानों पर विगत वर्षों में कई बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई हैं । इन खसरों में प्रतिवर्ष भारतीय वायुसेना का ट्रेनिंग शिविर भी लगता है तथा आवश्यकतानुसार हेलिपेड भी बनाया जाता है । इस जमीन पर अगर अस्पताल बनता है तो महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के पढ़ाई तथा दैनिक गतिविधियों में व्यवधान पैदा होगा । पी एम उषा योजना के तहत 5 करोड़ रुपयों की स्वीकृति दी गई है तथा उस प्रॉजेक्ट के वर्क ऑर्डर भी हो गए । अगले सप्ताह से कार्य प्रारंभ भी होने वाला है । नैक ग्रेडिंग के लिए महाविद्यालय के पास कम से कम 5 खेल मैदान होने आवश्यक है और अगले वर्ष नैक ग्रेडिंग होने वाली है । भविष्य में उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय के उपयोग में ही सम्पूर्ण भूमि लाई जानी है। महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य माणकमल भंडारी ने बताया कि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा उप जिला अस्पताल के आवंटन के विरोध में प्रदर्शन कर छात्रों ने मांग रखी कि इस आवंटन को रद्द किया जाए । अगर प्रशासन द्वारा जल्द ही पुनः महाविद्यलय को उक्त भूमि आवंटित नहीं की गयी तो जल्द ही छात्रों द्वारा उग्र आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई है।

# खरबड़िया स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरित किए

## खरबड़िया स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरित किए

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा मंगलवार को मटून क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरबड़िया में स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान की सेवा टीम से जुड़े युगल किशोर जोशी ने बताया कि खरबड़िया स्कूल में कक्षा एक से पाचवीं तक सभी बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान की टीम जब गिर्वा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मटून स्थित इस स्कूल में पहुंची तब ज्यादातर बच्चे बिना स्वेटर के ही स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे।

प्रधानाध्यापक कौशल्या शर्मा और वरिष्ठ अध्यापक हरीश भट्ट ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि स्वेटर मिलने से



शीत लहर में भी बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। संस्थान अध्क्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उदयपुर जिले के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को शीत लहर से बचाने के लिए संस्थान का सेवा अभियान जारी है। इस सीजन में चार स्कूलों में बच्चों को स्वेटर वितरित किए जा चुके है।

# स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम, आपसी संबंध एवं मूल्यों के साथ जिम्मेदार नागरिक तैयार करने पर हुआ चिंतन

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के राजकीय विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम अंतर्गत आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सत्र आयोजित कर आपसी संबंध एवं मूल्यों के साथ जिम्मेदार नागरिक तैयार करने पर चिंतन किया गया।

डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में स्थानीय संस्थान के योजना एवं प्रबंध प्रभाग द्वारा डाइट उदयपुर के परिक्षेत्र के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज विद्यालयों में वार्ता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम सेपरस्परिक संबंध मूल्य और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना, प्रजनन एवं स्वास्थ्य,एचआईवी की रोकथाम, स्वस्थ जीवन शैली, पोषण एवं स्वास्थ्य,स्वस्थ बढ़ना, मानसिक स्वास्थ्य मादक पदार्थों के दुरूपयोग, जेंडर समानता,के साथ योग एवं शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन भी किए गए।

कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट सब कोऑर्डिनेटर त्रिभुवन चौबीसा के अनुसार आज गिर्वा ब्लॉक के एमजीजीएस प्रताप नगर द्वितीय विद्यालय में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस



प्रोग्राम के सत्र पर चर्चा करते हुए हेल्थ एम्बेसडर तोषी सुखवाल एवं भानु पंवार द्वारा बालिकाओं हेतु माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर वीडियो द्वारा बातचीत की गई साथ ही सेनेटरी नेपकिन को लगाने का तरीका बताते हुए इनके नष्ट करने की प्रक्रिया हेतु इंसीनरेटर डिस्पेंसर के उपयोग की प्रायोगिक जानकारी दी गई। जबकि दूरस्थ खेरवाडा ब्लॉक के केजीबीवी बरोठी ब्राह्मणान में हैल्थ एम्बेसडर आरती मेहता ने हेल्थ मैसेंजर के सहयोग से प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी विषय पर वार्ता दी। वहीं पीएम श्री विद्यालय सुखेर में दंत चिकित्सकों द्वारा बच्चो के दांतों की जांच की गई एवं भुताला बडगांव में हेल्थ एम्बेसडर लता शर्मा द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। इसके साथ ही भूपालपुरा, पीपलिया, अमरपुरा, उपलवास कुंडाल, तुर्किया, सुलाव कोटड़ा, रेडिया खेड़ी, छिपला, मोडी गोगुंदा,हवाला खुर्द बेमला, नाहरमगरा,खेमपुर, दुधालिया लोसिंग, भामटी, मारुवास, जोरमा सायरा, वानु, विठोली, भावली,वरनोदा भींडर ,सुरों का कुआं सलूंबर,पीपली बी ऋषभदेव, बरोठी ब्राह्मणान सहित जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मंगलवार को स्मार्ट बोर्ड और टीवी के माध्यम से स्वस्थ बढ़ना, प्रजनन स्वास्थ्य,भावनात्मक कल्याण, जेंडर समानता,स्वास्थ्य एवं पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की जानकारी सांझा की गई तथा शक्ति दिवस मनाया जाकर आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स का वितरण किया गया है।

# वीरधोलिया के 221 छात्रों को स्वेटर व 21 छात्राओं को मिली साइकिल

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

मानव सेवा को समर्पित संस्थान महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के द्वारा आधारभूत सुविधाओं से वंचित बच्चों को शीत लहर से बचाने हेतु विद्यार्थी हितार्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीरधोलिया में मंगलवार को संस्थान के द्वारा कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए 251 स्वेटर वितरित किए गए और इसके साथ निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 में अध्यनरत 21 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई ।

स्वेटर और साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संतोष कुमार व्यास,सुरेंद्र पालीवाल, सुभाष चंद्र



सुथार, मंगल सिंह गुर्जर,राकेश कुमार व बाबूलाल गुर्जर के साथ विद्यालय परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वेटर वितरण इस पुनीत कार्य के लिए पूरे विद्यालय परिवार ने संस्थान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भारत विकास परिषद महिला शाखा पद्मिनी द्वारा स्कूली बच्चों को वस्त्र वितरित



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (प्राइमरी विभाग) भुवाना में सेवा कार्य के अंतर्गत भारत विकास परिषद महिला शाखा पद्मिनी के सदस्यों द्वारा स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। अध्यक्षा डॉ शिल्पा पामेचा ने बताया कि इस कार्यक्रम में समन्वयक राकेश नंदावत एवं वात्सल्य ग्रुप के गजेंद्र सुराणा सहित महामंत्री डॉ बलदीप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सोनिका चोरडिया के साथ विद्या भावसार, जया जैन , हेमंत कंठालिया ,तारा नागर, कपिल भार्गव ,अनिमा गोस्वामी, रेनू सिरोया ,दिव्या जोशी, पुष्पांजलि लोट,




सुमन बोराणा, प्रमिला पोरवाल सदस्य उपस्थित रहेद्य सोनिका चोरडिया ने बताया कि स्कूल के अध्यापिकाओं से स्कूल में होने वाली गतिविधि एवं आने वाली परेशानियां, उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली गई। भविष्य में और अधिक साधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करी। अध्यापिका विद्या जी वैष्णव नौशीन शेख एवं अध्यापक राजेंद्र जाट उपस्थित रहे।

# श्री झूलेलाल सेवा समिति द्वारा एमबी अस्पताल में 20 बेंच भेंट




**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** श्री झूलेलाल सेवा समिति, उदयपुर के अध्यक्ष प्रताप राय चुघ के नेतृत्व में एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन की उपस्थिति में रोगियों के बैठने हेतु 20 बेंचे भेंट की।

कार्यक्रम में डॉ आर एल सुमन, डॉ ए के बैरवा,न्यू बहिरंग विभाग प्रभारी हेमंत आमेटा, नरेश पूर्बिया, सज्जन राठौड़, रमेश पंजाबी, भगवान दास छाबड़ा ,राजेश चुघ, भारत खत्री, अशोक पाहुजा ,किशन आहूजा, गोपाल मेहता, मनोहर मुखिया ,खान चंद मगवानी , सुनीता, तारा माली, मंजू लोढ़ा, शीला, कैलाश चौधरी, रेखा उपस्थित थे।

# उदयपुर में आदिवासी आजीविका की स्थिति पर अध्ययन निष्कर्ष और सुझाव पर किया विमर्श

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** राजस्थान-प्रदान संस्थान द्वारा जगत निवास पैलेस होटल में एक राज्य स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिविल सोसायटी संगठनों (उरड२), सरकारी अधिकारियों और अन्य प्रमुख हितधारकों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य ₹आदिवासी आजीविका की स्थिति पर व्यापक अध्ययन के निष्कर्षों को साझा करना और इस पर सुझाव प्राप्त करना था। इस आयोजन में सुधिर दवे निदेशक - टीआरई, बी.एल. बंबारिया सहायक निदेशक - टीआरई, डॉ पी.सी. भटनागर - निर्देशक केवीके, सुर्यवीर - राजीविका और सीएसओ भागीदारों में सेवा मंदिर, मंजरी फाउंडेशन,ऋ्रर, प्रयत्न समिति, ग्राम श्री, सीएमएफ, पीईडीओ, सीईसीओईडीईसीओएन, विद्या भवन सोसाइटी और आजीविका ब्यूरो ने भाग लिया। महिला एफपीओ, आबू-रोड ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह अध्ययन प्रदान के नेतृत्व में और सीएमएफ,सेवा मंदिर, प्रेम समिती और वाग्धारा जैसे प्रतिष्ठित साझेदार संगठनों के सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य नीति और कार्यक्रमगत हस्तक्षेपों को सूचित करने के लिए साक्ष्य-आधारित जानकारी प्रदान करना है।

अध्ययन में सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं, आजीविका प्रथाओं, लैंगिक गतिशीलता, संसाधनों की स्थिति और आदिवासी परिवारों के कल्याण को प्रभावित करने वाले बाहरी प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। अध्ययन में आदिवासी समुदायों के आय स्तर, आहार विविधता और बुनियादी ढांचे की स्थिति जैसे प्रमुख आयामों की जांच की गई। साथ ही, उनके विकास आकांक्षाओं पर सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों के प्रभाव का विश्लेषण किया गया। विशेष रूप से, महिलाओं की स्थिति और आजीविका और परिवारिक गतिशीलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं को समझने पर जोर दिया गया। सरकारी अधिकारियों ने प्रस्तुत साक्ष्यों की सराहना की और बुनियादी ढांचे, संसाधनों तक पहुंच, और क्षमता निर्माण पहल में अंतराल को दूर करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भाग लेने वाले सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी जमीनी अनुभवों से नवाचारी दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया। कि आदिवासियों के आजीविका और आय के दृष्टिकोण को समझना और इसे सरल और समझने योग्य भाषा में जनता के बीच साझा करना बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में यह आवश्यकता रेखांकित की गई कि आजीविका और इससे जुड़े क्षेत्रों जैसे शिक्षा, लिंग समानता, स्वास्थ्य, पोषण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाने और आदिवासी समुदायों की आकांक्षाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप समावेशी नीतियों के निर्माण के लिए सतत बहु-हितधारक सहभागिता आवश्यक है। इस कार्यक्रम का समापन सामूहिक कार्रवाई और गहरी साझेदारी के आह्वान के साथ हुआ, जिससे राजस्थान के आदिवासी समुदायों के लिए समान और स्थायी विकास सुनिश्चित किया जा सके।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक – पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय – गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in, नोट: (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई–पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।